## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08 अक्टूबर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की आगामी त्यौहरों के दष्टिगत कानून व्यवस्था की समीक्षा। कहा– अराजकता फैलाने वाले लोगों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई।
- मुख्यमंत्री दो दिवसीय दौरे पर कल पहुंचे वाराणसी। विकास कार्यों की समीक्षा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों की ली जानकारी।
- नवरात्र को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे ने गोरखपुर–गोंडा मार्ग पर चलाई मेला स्पेशल ट्रेन। गोरखपुर से विन्ध्याचल के लिये सीधी बस सेवा की हुयी शुरुआत।
- लखनऊ के आमिर अली बने हॉकी टीम के कप्तान। संभालेंगे सुल्तान जोहोर टूर्नामेंट में जूनियर हॉकी टीम की कमान। टीम में शामिल हैं उत्तर प्रदेश के पांच खिलाड़ी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सभी धर्मों के महापुरूषों के प्रति प्रत्येक नागरिक के मन में कृतज्ञता का भाव होना चाहिये, लेकिन इसके लिये किसी को बाध्य नहीं किया जा सकता। अगर कोई व्यक्ति आस्था के साथ खिलवाड़ करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। मुख्यमंत्री कल लखनऊ में आगामी त्योहारों के मद्देनजर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। एक रिपोर्ट–

***मुख्यमंत्री ने किसी भी धर्म के प्रति विवादास्पद बयान से बचने की सलाह देते हुए सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि सभी मत, मजहब तथा सम्प्रदाय आदि से जुड़े व्यक्तियों को एक–दूसरे का सम्मान करना होगा। विरोध के नाम पर अराजकता, तोड़–फोड़ अथवा आगजनी कतई स्वीकार नहीं की जाएगी, यदि कोई व्यक्ति ऐसा दुस्साहस करेगा, तो उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने आगामी पर्वो को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण के बीच सम्पन्न कराने तथा भीड़–भाड़ वाले इलाकों में फुट पेट्रोलिंग और पी0आर0वी0 112 की पेट्रोलिंग तेज करने के निर्देश दिये। आकाशवाणी लखनऊ समाचार कक्ष से मैं शैलेन्द्र शर्मा।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर कल शाम वाराणसी पहुंचे। वहां उन्होंने सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी निर्माणाधीन परियोजनायें निर्धारित समय में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीस अक्टूबर को प्रस्तावित दो दिवसीय वाराणसी दौरे को लेकर तैयारियों की भी मुख्यमंत्री ने जानकारी ली। समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री सिगरा स्थित भारत सेवा आश्रम गये और वहां आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वावलंबी महिलाओं को निशुल्क सिलाई मशीन का वितरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया की एक मजबूत ताकत बनकर उभरा है।

***आज भारत एक मजबूत हाथों में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में दुनिया की एक बड़ी ताकत बन करके उभरा है। आज आप देख रहे है होंगे कि जो भारत आज से 10 वर्ष पहले दुनिया की 10वीं–11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था थी, आज वह 5वीं अर्थव्यवस्था बन चुका है।***

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल संवैधानिक पद पर अपने तेइस वर्ष पूरे कर लिए। वर्ष दो हजार इक्कीस में कल के ही दिन श्री मोदी पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे। एक रिपोर्ट...

***केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के शुरू किए गए कई कल्याणकारी कार्यक्रम गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की पहल से प्रेरित हैं। गुजरात मॉडल कहे जाने वाले ये उपाय जल संरक्षण, पौधारोपण अभियान, संविधान का उत्सव मनाने, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने से संबंधित हैं। श्री मोदी ने जन भागीदारी या शासन में लोगों की भागीदारी पर बल दिया है। प्रधानमंत्री का शुरू किया गया बहुचर्चित जल जीवन मिशन 2004, उत्तरी गुजरात के पानी की कमी वाले क्षेत्रों के लिए शुरू किए गए सुजलाम सुफलाम जल अभियान के अनुभव से प्रेरित है। समाचार कक्ष से मैं, मुकेश कुमार।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस उपलब्धि के लिये बधाई दी है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में श्री योगी ने कहा कि मोदी जी के प्रेरणादायक 23 वर्ष हर जनप्रतिनिधि के लिए उत्कृष्ट मार्ग दर्शक के रूप में रहे।

**********

प्रयागराज में अगले वर्ष आयोजित होने वाले महाकुंभ मेले में आने वाले पर्यटकों को विभिन्न धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराने के लिये 14 टूर पैकेज तैयार किये गये हैं। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस पैकेज में पर्यटकों के लिये ठहरने, भ्रमण, खाने–पीने, गाइड और दर्शन की भी व्यवस्था की गई है। पर्यटक डब्ल्यूडब्ल्यू डाट यूपीएसटीडीसी डाट सीओ डाट इन से टूर पैकेज बुक कर सकते हैं।

**********

प्रदेश सरकार की ओर से महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलम्बन के लिये शारदीय नवरात्र के अवसर पर "मिशन शक्ति" अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मिर्जापुर जिले के सभी थानों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन की लाभकारी योजनाओं, हेल्पलाइन नम्बरों सहित उनके अधिकारों एवं कानून, साइबर अपराधों के विषय में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। हमारे मिर्जापुर प्रतिनिधि ने बताया कि–

***प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा सम्मान व स्वालंम्बन हेतू शारदीय नवरात्र के पर्व पर चलाये जा रहे, मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेस पांच के तहत मिर्जापुर में नब्बे दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। युक्त अभियान के क्रम में कल पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर अभिनंदन के निर्देशन में महिला बीट /शक्ति दीदी तथा महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से मिर्जापुर के समस्त थानों पर आउट रिच प्रोग्राग के माध्यम से अपने–अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत जनपद की एन्टी रिमियो –महिला बीट आरक्षी पुलिस टीम द्वारा बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं को बाल विवाह पाक्सो एक्ट ए गुड टच, बैड टच महिला उत्पीडन के रोकथाम संबंधी अधकारियों एवं महिला उत्पीडन के संबंधन में पुलिस द्वारा की जपाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया। एसएम शबा आकाशवाणी समाचार विंध्याचल मिर्जापुर***

उधर, बलरामपुर में नवरात्र मेले को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये गोरखपुर गोंडा वाया तुलसीपुर मार्गपर मेला स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। वहीं परिवहन निगम ने गोरखपुर के कचहरी बस स्टेशन से आज से विंध्याचल के लिए सीधी बस सेवा शुरू की है।

**********

लखनऊ के आमिर अली को मलेशिया में होने जा रहे सुल्तान जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट में भारत की जूनियर हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया है। वहीं शहर के एक अन्य खिलाड़ी शारदानंद तिवारी को भी टीम में जगह मिली है। जोहोर कप के लिए घोषित की गई जूनियर टीम में प्रदेश से पांच खिलाड़ियों को चुना गया है, जिसमें आमिर अली और शारदानंद तिवारी के अलावा चंदन यादव, सौरभ आनंद कुशवाहा और अली खान शामिल हैं।

**********

प्रदेश सरकार ने गोवंश को सड़क हादसों से बचाने के लिये उनके गले में रेडियम पट्टी लगाये जाने का निर्देश जारी किया है। प्रमुख सचिव दुग्ध तथा पशुधन विकास के. रविन्द्र नायक ने इस सम्बन्ध में कल प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों के लिये परिपत्र जारी कर दिया है।

**********

उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा परिषद ने सम सेमेस्टर वार्षिक परीक्षा बैक पेपर और विशेष बैक पेपर का परिणाम घोषित कर दिया है। परिषद के सचिव अजित कुमार मिश्र ने बताया है कि जो छात्र अपने परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं है, वह पुनर्मूल्यांकन के लिये आवेदन कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन के लिये ग्याहर अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं।

**********

केन्द्रीय मंत्रिमंडल की ओर से पाली और प्राकृत भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिये जाने के निर्णय का स्वागत किया जा रहा है। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में पाली और बौद्ध अध्ययन विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर सिद्धार्थ सिंह ने स्वागत करते हुए आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में कहा कि यह भाषा विशेष रूप से जैन और बौद्ध ग्रंथों के क्षेत्र में भारत की समृद्ध साहित्यिक विरासत के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करेगी।

***बौद्ध धर्म का समूचा साहित्य पाली भाषा और साहित्य में निहित है और जैन धर्म का सम्पूर्ण साहित्य प्राकृत भाषा में समाहित है। इस प्राकृत भाषा और साहित्य और पाली भाषा और साहित्य के माध्यम से भारत पूरे विश्व से जुड़ा हुआ है। ऐसे में जब ये शास्त्रीय भाषा के तौर पर पाली और प्राकृत स्वीकृत हो गयी है तो मैं उम्मीद करता हूँ कि आगे आने वाले भविष्य में सिविल सर्विसेज के एग्जाम में यू पी एस सी में भी इन भाषाओं को स्थान मिले जिससे कि लोगो की रूचि पैदा हो।***

**********

बयालीसवीं अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू पुरूष आमंत्रण प्राइज मनी हॉकी प्रतियोगिता में कल इण्डियन ऑयल और सीआईएसएफ के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें इण्डियन ऑयल ने तीन गोल कर के जीत हासिल की। एक दूसरे मैच में कैग दिल्ली ने नेवी को चार–दो से हरा दिया।

**********